दिन– शनिवार दिनांक– 05 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पीएम किसान सम्मान निधि योजना की अठारहवीं किस्त की राशि जारी की। श्री मोदी ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के द्वारा नौ करोड़ चालीस लाख से अधिक किसानों के बैंक खाते में दो– दो हजार रूपये की राशि हस्तांतरित की। अठारहवीं किस्त के रूप में बीस हजार करोड़ रूपये की राशि किसानों के बैंक खाते में भेजी गयी। इस अवसर श्री मोदी ने कहा कि सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा उठाये गये कदमों से किसानों की स्थिति बेहतर हुयी है। समारोह को केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी संबोधित किया।

————————————————————————

प्रदेश में बाढ़ की स्थिति अब भी गंभीर बनी हुयी है। बागमती और अधवारा समूह की नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से सीतामढ़ी और दरभंगा जिले के कई नए इलाके बाढ की चपेट में आ गये हैं। वहीं, लखनदेई नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी होने से सीतामढ़ी जिले के बथनाहा, डुमरा और रून्नीसैदपुर प्रखंडों के कई निचले इलाके जलमग्न हो गए हैं। इधर, नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हुयी बारिश के बाद कोसी और गंडक नदी के जलस्तर में एक बार फिर बढ़ोतरी की आशंका है। नेपाल के कोसी बराह क्षेत्र से पानी छोड़े जाने के बाद भागलपुर में बाढ़ का खतरा एक बार फिर बढ़ गया है। जल संसाधन विभाग ने किसी भी स्थिति से निपटने के लिए अपने अभियंताओं और कर्मियों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिये हैं। इधर, शिवहर जिले के तरियानी प्रखंड में बागमती नदी का कटाव जारी है। सुपौल, सहरसा, कटिहार, पूर्णिया, पूर्वी चम्पारण और पश्चिमी चम्पारण समेत कई जिलों में बाढ़ की स्थिति में सुधार हुआ है।

————————————————————————

कोसी और गंडक नदी के जलस्तर में पिछले दिनों हुयी अप्रत्याशित बढ़ोतरी के बाद सरकार ने भीमनगर कोसी बराज और वाल्मिकीनगर गंडक बराज की जांच करवाने का फैसला किया है। जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने बताया कि गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को

जांच की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। जांच के दौरान यह देखा जाएगा कि जलस्तर में बढ़ोतरी से बराज को किसी प्रकार की क्षति तो नहीं हुयी है। साथ ही बराज के ओवर–फ्लो करने की भी जांच की जाएगी। जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर सरकार आगे की कार्य योजना बनाएगी।

———————————————————————

जदयू की नवगठित राज्य कार्यकारिणी की आज पटना में बैठक हो रही है। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा और प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा समेत सभी सांसद और विधायक शामिल हैं। पार्टी सूत्रों ने बताया कि बैठक में आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मुख्य रूप से चर्चा हो रही है। साथ ही बैठक में पार्टी के विस्तार पर भी विचार–विमर्श होगा।

———————————————————————

भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य कैलाशपति मिश्र की जयंती पर आज उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

———————————————————————

शारदीय नवरात्र के आज तीसरे दिन माँ दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। मान्यता है कि माँ के इस स्वरूप की पूजा करने से समस्त पाप और बाधाएं दूर होती हैं तथा सौम्यता और निर्भयता में वृद्धि होती है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि प्रदेश भर में सुबह से ही मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है।

———————————————————————

राज्य में डेंगू के नए मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के एक सौ चौवालीस नये मरीजों की पुष्टि हुयी है। पटना में रिकॉर्ड छियासी मरीज मिले हैं। इस बीच, पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि एनएमसीएच में डेंगू के मरीजों के लिए पचास बेड रिजर्व रखे गये हैं।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।